
वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर–222003

(उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 द्वारा स्थापित)

(NAAC A^{+} accredited University)



पत्रांक : 1364/प्रवेश सेल/2026 दिनांक : 01 जूलाई 2026

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विषयों में प्रवेश हेतु सूचना

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विषयों में सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु **जिन पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा नही करायी गयी है,** उन विषयों में आवेदन फार्म भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 30 जून 2026 तक निर्धारित की गयी थी एवं उन विषयों में आवेदन फार्म सुधार के लिये पोर्टल 01 जुलाई 2026 को 10:00 A.M. से 02 जुलाई 2026 को 5:00 P.M. तक खुला रहेगा। ऐसे अभ्यर्थियों को **दिनांक 06 जुलाई 2026 को प्रवेश लेने हेतु सूचना जारी की गयी थी, जिसे परिवर्तित कर दिनांक 9 जुलाई 2026 कर दिया गया है।**

अतः उक्त के क्रम में सूचित किया जाता है कि जिन पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा नही करायी जा रही है, ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक मूल एवं छाया प्रति प्रपत्र (अंक–पत्र, प्रमाण–पत्र आदि) के साथ दिनांक 9 जुलाई 2026 को सम्बन्धित विभाग उपस्थित होकर अपना प्रवेश सुरक्षित करा ले। सम्बन्धित विभागों के मोबाईल नम्बर विश्वविद्यालय वेबसाईट www.vbspu.ac.in पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका में अंकित है।

जिन पाठ्यक्रमों में दिनांक 29 एवं 30 जून 2026 को परीक्षा करायी जा चुकी है उन पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल घोषित करने के बाद काउंसलिंग की सूचना पृथक से प्रेषित की जायेगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अध्यक्ष/समन्वयक, पी.यू.कैट–2026 विश्वविद्यालय परिसर।
2. संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/प्रभारी, विश्वविद्यालय परिसर संचालित विषय को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. नोडल अधिकारी, ऑनलाईन परिसर पाठ्यक्रम शुल्क व अन्य शुल्क।
4. निजी सचिव–कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. निजी सहायक–वित्त, वित्त अधिकारी को सूचनार्थ।
6. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
7. मीडिया प्रभारी–विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को सम्बन्धित समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव